दिनांक 11 अक्तूबर 2023 को राजकीय महाविद्यालय सैंज कुल्लू में' फिट इंडिया फ्रीडम रन 4.0' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छ भारत और स्वस्थ भारत अभियान केअंतर्गत जागरूकता फैलाना था।

आयोजन की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य श्री गोविंद राम सैनी जी ने हरी झंडी दिखाई। इसकेबाद, 1600 मीटर और 800 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र वर्ग में चमन, संजीव और काज़ी तमांग और छात्राओ में उमा, लताऔरश्रुति ने प्रथम, द्वितीयऔर तृतीय स्थान प्राप्त किए।



सैंज में फिट इंडिया फ्रीडम को दिखाई हरी झंडी

सैंज। राजकीय महाविद्यालय सैंज में फिट इंडिया फ्रीडम रन–4.0 का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, रोवर एंड रेंजर इकाई, रोड सेफ्टी क्लब और इको क्लब के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस मौके महाविद्यालय के प्राचार्य गोविंद राम सैनी ने रैली को हरी झंडी दिखाई। इसके बाद 1600 मीटर और 800 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र वर्ग में चमन, संजीव और काज़ी तमांग और छात्राओ में उमा, लता और श्रुति ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किए। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रदीप कुमार व प्रो. नि... नेगी,







सैंज कालेज में फिट इंडिया फ्रीडम रन कार्यक्रम

सैंज : राजकीय महाविद्यालय सैंज में फिट इंडिया फ्रीडम रन 4.0' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छ भारत और स्वस्थ भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता फैलाना था। महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, रोवर एंड रेंजर इकाई, रोड सेफ्टी क्लब और ईको क्लब के विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य किया। इसके बाद, 1600 मीटर और 800 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। इसमें छात्र वर्ग में चमन, संजीव और काज़ी तमांग और छात्राओ में उमा, लता और श्रुति ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किए। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रो . प्रदीप कुमार व प्रो . निशा नेगी, रोवर एंड रेंजर इकाई के प्रो . प्रेम नेगी और रोड एंड सेफ्टी क्लब के इंचार्ज डॉक्टर

लारजी में आभार समारोह रखा गया है, जिसमें हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षा एवं मंडी लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिभा सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहेगी। तेजा ठाकुर ने बताया कि सैंज में बंजार विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ो कार्यकर्ता सांसद प्रतिभा सिंह का जोरदार स्वागत करेंगे। गौर हो कि 13 अक्तूबर को लारजी में अध्यक्ष तेजा ठाकुर की ताजपोशी के उपलक्ष्य में कार्यकर्ता आभार समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

सैंज में फिट इंडिया फ्रीडम को दिखाई हरी झंडी

सैंज। राजकीय महाविद्यालय सैंज में फिट इंडिया फ्रीडम रन–4.0 का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, रोवर एंड रेंजर इकाई, रोड सेफ्टी क्लब और इको क्लब के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस मौके महाविद्यालय के प्राचार्य गोविंद राम सैनी ने रैली को हरी झंडी दिखाई। इसके बाद 1600 मीटर और 800 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र वर्ग में चमन, संजीव और काजी तमांग और छात्राओ में



धर्मशाला | वीरवार, 12 अक्तूबर 2023 | 6

फिट एंड रन में भाग लेते सैंज कॉलेज के विद्यार्थी। संवाद

फिट इंडिया फ्रीडम रन में चमन और उमा प्रथम

सैंज कॉलेज में हुआ कार्यक्रम, स्वच्छता के लिए दौड़े विद्यार्थी

संवाद न्यूज एजेंसी

सैंज (कुल्लू)। जिला कुल्लू के राजकीय महाविद्यालय सैंज में फिट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छ भारत और स्वस्थ भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता फैलाना है।

बुधवार को महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, रोवर एंड रेंजर इकाई, रोड सेफ्टी क्लब और इको क्लब के विद्यार्थियों ने इसमें भाग लिया। कॉलेज के प्राचार्य गोविंद राम सेनी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

1,600 और 800 मीटर की दौड़ का आयोजन किया। इसमें छात्र वर्ग में चमन लाल पहले स्थान पर रहे जबकि संजीव दूसरे और और कारी तमांग को तीसरा स्थान मिला है। छात्रा वर्ग में उमा ने बाजी मारी है। लता दूसरे और श्रुति ने प्रथमए द्वितीय ने तीसरा स्थान पाया है।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. निशा नेगी, रोवर एंड रेंजर इकाई के प्रो. प्रेम नेगी और रोड एंड सेफ्टी क्लब के इंचार्ज प्रो. डॉक्टर कविता कटोच उपस्थित रहीं।


दिनांक 13 अक्तूबर 2023 को राजकीय महाविद्यालय सैंज कुल्लू ने अपने परिसर में 'मेरी माटी, मेरा देश - अमृत कलश यात्रा' का आयोजन किया। इस अद्वितीय कार्यक्रम के माध्यम से, महाविद्यालय के विद्यार्थियों को स्वतंत्रता सेनानियों और वीर वीरांगनाओं के द्वारा जो राष्ट्र के लिए प्राण न्योछावर किए उसके महत्व के बारे में बताया गया।

राष्ट्र सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो प्रदीप कुमार ने विद्यार्थियों को पंच प्रण शपथ दिलाई। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्र सेवा में समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया।

उसके बाद, अमृत कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें समुद्रीय तट से लेकर पहाड़ों तक भारत की विविधता को महसूस किया गया। सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन भी किया गया, जिसमें प्रो. निशा नेगी, प्रो. प्रेम नेगी और प्रो. अमन सूद भी उपस्थित रहे।













दिनांक 18 अक्तूबर 2023 को राजकीय महाविद्यालय, सैंज, कुल्लू ने रोड सेफ्टी क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना, और रोवर एंड रेंजर इकाई के संयुक्त प्रयास से विद्यार्थियों को रोड सुरक्षा और विभिन्न विषयों के प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में जागरूक करने के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. गोविंद राम सैनी जी ने छात्रों को रोड सेफ्टी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी और कहा कि सड़क दुर्घटनाओं से बचने और सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी युवा वर्ग को विशेष रूप से होनी ताकि वे सड़क पर वाहन चलाते समय अपनी व लोगों की जान के साथ खिलवाड़ न करें । सड़क सुरक्षा आज का सबसे अहम मुद्दा है जिसके लिए सबको जागृत होना आवश्यक है । इसके बाद विभिन्न विषयों से संबंधित एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की आठ टीमों ने भाग लिया । सभी टीमों ने पूरे उत्साह के साथ प्रश्नों के उत्तर दिए । इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर भोला राम, अक्षय और सीमा देवी की टीम रही।










SAMSUNG A54


ROAD SAFETY CLUB
GOVT. DEGREE COLLEGE SAINJ
Shot on OnePlus

दिनांक 20 अक्टूबर 2023 को NHPC सैंज के इंटीग्रिटी क्लब एवम् राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के माध्यम से सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 का आयोजन किया गया । जिसमें महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विद्यार्थियों के द्वारा नारा लेखन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया।










दिनांक 8 दिसंबर 2023 को राजकीय महाविद्यालय, सैंज, कुल्लू में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने यौन उत्पीड़न रोकथाम के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें महाविद्यालय के स्वयंसेवक और विद्यार्थियों को जागरूक करने का मुद्दा उठाया गया।
कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय कुल्लू के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. निर्मला सिंह ने विद्यार्थियों को यौन उत्पीड़न रोकथाम के हेतु बने अधिनियम 2013 और विशाखा गाइडलाइंस के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।














## यौन उत्पीड़न को लेकर किया जागरूक

सैंज (कुल्लू)। राजकीय महाविद्यालय सैंज में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने यौन उत्पीड़न रोकथाम के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में कुल्लू कालेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. निर्मला सिंह ने विद्यार्थियों को यौन उत्पीड़न रोकथाम के लिए बने अधिनियम 2013 और विशाखा गाइडलाइंस के बारे में जानकारी दी।

यह कानून सरकार द्वारा यौन उत्पीड़न रोकथाम के लिए बनाया गया है और इसका पूरा पालन करना सभी के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से सरकारी नीतियों का समर्थन करने और अपनी सुरक्षा के लिए जागरूक रहने का सुझाव दिया। संवाद

दिनांक 26 नवंबर 2023 को राजकीय महाविद्यालय सैंज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा 'संविधान दिवस' का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य प्रोफेसर प्रोफेसर प्रेम कुमार नेगी (राजनीतिक विज्ञान) ने कार्यक्रम में भाग लिया । जिसमें महोदय ने भारतीय संविधान के बारे में विस्तृत रूप से स्वयंसेवी और महाविद्यालय के विद्यार्थियों को विस्तृत रूप से जानकारी दी । अंत में सविधान दिवस के उपलक्ष परभारतीय संविधान की प्रस्तावना को भी पढ़ा गया।







राजकीय महाविद्यालय सैंज में सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ  हुआ ।जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर महाविद्यालय के उप प्राचार्य महोदय प्रोफेसर गोविंद राम सैनी जी मौजूद रहे । यह शिविर 24 से 30 दिसंबर तक चलेगा जिसमे 25 स्वयंसेवी भाग ले रहे। इस वर्ष के शिविर का थीम ' शिक्षित युवा एवम आत्मनिर्भर भारत' है। शिविर के दौरान महाविद्यालय और आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा और स्वयंसेवियो को संसाधन व्यक्ति के रूप में आए हुए विभिन्न विभागों के महानुभावों के विचारो से अवगत करवाया जाएगा।इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य ने शिविर में हर कार्यक्रम में सुचारू रूप से कार्य करने के लिए प्रेरित किया ।इस अवसर पर स्थानीय समुदाय ने भी सक्रियता दिखाई है और उम्मीद है कि यह शिविर समृद्धि और सफलता से भरा होगा।












वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय
NSS
Moto: Not me - But you


Shot on OnePlus
By Pradeep Kumar
24/12/23
13:41

राजकीय महाविद्यालय सैंज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने विशेष शिविर के दूसरे दिन परियोजना कार्य के तहत कॉलेज परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। उसके पश्चात राजकीय  वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सैंज के एसोसिएट एन सी सी ऑफिसर मनोज शर्मा (एयर विंग) ने स्वयंसेवियों को ड्रिल के बारे में जानकारी दी ।उन्होंने स्वयंसेवियों को बताया की जीवन में आगे बढ़ने का मूल मंत्र अनुशासन व कर्तव्यप्रणता है इस दौरान स्वयंसेवियों को ड्रिल परेड की अभ्यास भी करवाया गया।

# सैंज कॉलेज के एनएसएस स्वंयसेवियों ने सीखे ड्रिल के गुर

**सैंज, ( आपका फैसला )।** सैंज कॉलेज में शिक्षित युवा एवं आत्मनिर्भर भारत थीम पर आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विशेष शिविर में भाग ले रहे 25 स्वयंसेवियों ने सोमवार को कॉलेज के अस्थाई परिसर में साफ–सफाई की।



एनएसएस विशेष शिविर के दूसरे दिन सीसे स्कूल सैंज के एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर मनोज शर्मा को बतौर रिसोर्स पर्सन बुलाया गया था, उन्होंने स्वयंसेवियों को व्यायाम व ड्रिल के बारे में जानकारी दी। उन्होंने स्वयंसेवियों को बताया कि जीवन में आगे बढ़ने का मूलमंत्र अनुशासन व कर्तव्यपरायणता है। इस दौरान स्वयंसेवियों को ड्रिल परेड की अभ्यास भी करवाया गया। मनोज शर्मा ने स्वयंसेवियों को बताया कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए रोज़ाना व्यायाम करना अनिवार्य है वहीं शिक्षा के साथ–साथ अन्य विभिन्न गतिविधियों में भाग लेना भी ज़रूरी है। उन्होंने कहा कि समाज को एकसूत्र में पिरोने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना जैसी इकाईयां ही सक्षम है इससे जहां व्यक्तिव में निखार आता है वहीं एक दूसरे के प्रति सेवाभाव व एकजुटता की भावना भी पनपती है । एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी प्रो० प्रदीप ठाकुर ने बताया कि विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवियों ने परियोजना कार्य के तहत कॉलेज परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि शिविर का समापन 30 दिसंबर को किया जाएगा जबकि 24 दिसंबर को कॉलेज के उपप्राचार्य गोविंद राम सैनी ने शुभारंभ किया था। शिविर में दोपहरवाद सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन भी किया गया जिसमें स्वयंसेवियों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किए। इस दौरान प्रो. प्रेम नेगी भी उपस्थित रहे।





## स्वयंसेवियों को करवाया ड्रिल परेड का अभ्यास

**सैंज (कुल्लू)।** सैंज कॉलेज में शिक्षित युवा एवं आत्मनिर्भर भारत थीम पर राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर हुआ। सोमवार को 25 स्वयंसेवियों ने कॉलेज परिसर में साफ-सफाई की।

सैंज स्कूल के एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर मनोज शर्मा ने स्वयंसेवियों को व्यायाम और ड्रिल के बारे में जानकारी दी। स्वयंसेवियों को बताया कि जीवन में आगे बढ़ने का मूलमंत्र अनुशासन और कर्तव्य का पालन करना है।

स्वयंसेवियों को ड्रिल परेड का अभ्यास भी करवाया। स्वयंसेवियों को बताया कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए रोजाना व्यायाम करना अनिवार्य है। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रदीप ठाकुर ने कहा कि स्वयंसेवियों से परियोजना कार्य के तहत कॉलेज परिसर साफ करवाया गया। शिविर का समापन 30 दिसंबर को किया जाएगा। संवाद


राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सैन्ज
NSS
NATIONAL SERVICE SCHEME
INDIA




राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय
NSS




राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सैंज




आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सैन्ज



महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा आयोजित विशेष शिविर के तीसरे दिन की शुरुआत सुबह के योगाभ्यास से हुई। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय सैंज के योग शिक्षक श्री नवल किशोर जी ने विभिन्न योगाभ्यासों का संचार किया, जिससे सभी स्वयंसेवक ताजगी और स्वस्थता की दिशा में कदम बढ़ाए।

इसके पश्चात, स्वयंसेवकों ने प्रोजेक्ट कार्य के तहत रंग रोगन और परिसर की साफ-सफाई में योगदान किया, जिससे महाविद्यालय का माहौल स्वच्छ और हरित बना।

कार्यक्रम के अंत में, सांस्कृतिक गतिविधियों ने सभी को एक साथ जोड़कर मनोरंजन की शिक्षा दी। एकल नृत्य, एकल गायन, सामूहिक नृत्य, और सामूहिक गायन प्रतियोगिताएं सभी ने साकारात्मक भावना के साथ भाग लिया और इस सांस्कृतिक समारोह ने शिविर को रंगीं।



अमर उजाला

न्यूज डायरी

## स्वयंसेवियों ने संवारा महाविद्यालय परिसर

सैंज (कुल्लू)। राजकीय महाविद्यालय सैंज में एनएसएस शिविर में मंगलवार को स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर को संवारा। सुबह योग करवाया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रदीप कुमार ने ड्रिल का अभ्यास करवाया। स्वयंसेवियों ने शिविर में परियोजना कार्य के तहत रंग-रोगन और परिसर की साफ-सफाई की। नृत्य, गायन में स्वयंसेवियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। संवाद



## सैंज कालेज के स्वयंसेवियों ने संवारा परिसर

सैंज कालेज में एनएसएस शिविर के दौरान कार्यक्रम पेश करते स्वयंसेवी • जागरण

सैंज : सैंज महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर के तीसरे दिन प्रातःकालीन सत्र में योग की गतिविधियां करवाईं। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रदीप कुमार ने ड्रिल अभ्यास करवाया तथा स्वयंसेवियों को शरीर को स्वस्थ रखने के लिए ड्रिल का महत्व बताया। स्वयंसेवियों ने शिविर में परियोजना कार्य के तहत रंग रोगन व परिसर की साफ-सफाई भी की। स्वयंसेवियों का सर्वांगीण विकास करने के लिए उन्हें सांस्कृतिक गतिविधियां भी करवाई गईं जिसमें एकल नृत्य, एकल गायन, सामूहिक नृत्य और सामूहिक गायन आदि कार्यक्रमों में स्वयंसेवियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रदीप कुमार ने बताया कि शिविर में सामाजिक सेवा, स्वस्थ जीवनशैली और सांस्कृतिक समृद्धि के बारे में स्वयंसेवियों को बताया जा रहा है। (संस)










राजकीय महाविद्यालय सैंज कुल्लू में स्थित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने एक उत्कृष्ट शिविर का आयोजन किया जहां स्वयंसेवकों ने चौथे दिन महाविद्यालय के परिसर में विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया।

प्रारंभ में, सुबह की शुरुआत योगाभ्यास के साथ हुई, जिसमें केंद्रीय विद्यालय सैंज के योग शिक्षक श्री नवल किशोर जी ने स्वयंसेवकों को विभिन्न योगाभ्यासों में मार्गदर्शन किया। इसके बाद, A N O मनोज कुमार ने ड्रिल अभ्यास का संचालन किया। इसके पश्चात मुख्य वक्ता के रुप में प्रो प्रेम नेगी ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तारपूर्वक बताया।

स्वयंसेवको  ने प्रोजेक्ट कार्य के तहत परिसर में साफ-सफाई की कार्यशैली को बढ़ावा दिया। यह सामूहिक प्रयास ने नगर को स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया।

इसके पश्चात, सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें सामूहिक नृत्य और स्थानीय नृत्य प्रतियोगिताएं शामिल थीं। कुल्वी, लहौली, और किन्नौरी नाटी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले स्वमसेवकों ने समृद्धि से भरा एक दृश्य प्रस्तुत किया, जो उपस्थित सभी दर्शकों को आकर्षित करता रहा।










राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक
NSS


राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय


राजकीय आदर्श वरिष्ठ
NSS
Moto: Not me - But

राजकीय महाविद्यालय सैंज कुल्लू की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने पांचवे दिन में आयोजित विशेष शिविर के मुख्य वक्ता के रूप में पंचायत सचिव श्री भूप सिंह ने गूगल मीट के माध्यम से अपना वक्तव्य रखा ।

पंचायत सचिव ने महाविद्यालय के स्वयंसेवकों को सशक्त करने के उद्देश्य से पंचायत की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सही दिशा में काम करने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा।

इसके पश्चात ब्लॉक इलेक्शन ऑफिस  बंजार की तरफ से मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी (SVEEP) कार्यक्रम के अंतर्गत, महाविद्यालय के स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों को मतदान प्रक्रिया और वोटिंग मशीन की कार्यविधि से अवगत कराया गया। यह कार्यक्रम मतदान के महत्व को समझाने और विद्यार्थियों को राजनीतिक प्रक्रिया में शामिल करने का एक प्रयास था।

स्वयंसेवकों ने प्रोजेक्ट कार्य के तहत महाविद्यालय के परिसर में रंग-रोगन का कार्य किया, जिससे महाविद्यालय को नया और स्वच्छ रूप मिला। इसके साथ ही, अंत में सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने भारतीय सांस्कृतिक धारा को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।





# एनएसएस के स्वयंसेवियों ने ईवीएम से जानी मतदान की बारीकियां

**सैंज, (आपका फैसला)**। सैंज स्थित राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने वीरवार को शिविर के पांचवे दिन स्वयंसेवियों को पंचायत स्तर में होने बाले कार्यों की जानकारी दी गई । ऑनलाईन माध्यम से जुड़े पंचायत सचिव भूप सिंह ने स्वयंसेवियों को पंचायत स्तर पर होने वाले क्रियाकलापों को समझाते हुए बताया कि पंचायत में विभिन्न प्रकार के विकास कार्यों को जन सहयोग से पूरा किया जाता है जिसमें आम जनता के साथ-साथ आज के युवाओं को भी भाग लेना चाहिए ।उन्होंने महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों को सशक्त करने के उद्देश्य से पंचायत की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। वहीं कॉलेज परिसर में खण्ड निर्वाचन कार्यालय बंजार की तरफ से मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी (स्वीप) कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों को मतदान प्रक्रिया, ईवीएम मशीन की कार्यविधि से अवगत कराया गया। इस दौरान एनएसएस स्वयंसेवियों सहित कॉलेज के सभी विद्यार्थियों ने मतदान का महत्व तथा राजनीतिक क्षेत्र की बारीकियों को जाना ।शिविर में भाग के रहे 25 स्वयंसेवियों ने परियोजना कार्य के तहत महाविद्यालय के परिसर में रंग-रोगन करने के साथ-साथ स्वच्छता का संदेश दिया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो0 प्रदीप कुमार ने बताया कि रोज़ाना की भांति दोपहरवाद सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने भारतीय सांस्कृतिक धारा को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। इस दौरान महाविद्यालय के सामाजिक-सांस्कृतिक माहौल को बढ़ावा देने के लिए एक सशक्त पहल करते हुए एनएसएस स्वयंसेवियों को नेतृत्व और सामाजिक समर्पण की भावना से प्रेरित किया गया ।इस अवसर पर खंड निर्वाचन कार्यालय बंजार के खंड कनिष्ठ अभियंता मनोहर लाल, इलेक्ट्रिकल कनिष्ठ अभियंता योगेश, प्रो0 प्रेम नेगी, केहर सिंह व तेजा सिंह आदि उपस्थित रहे ।

राजकीय महाविद्यालय सैंज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर के छठे दिन का आरंभ आत्मिक शांति और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योगाभ्यास से की गई। स्वयंसेवियों ने विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया, जिससे उनकी ऊर्जा और ताजगी में वृद्धि हुई। योगाभ्यास के बाद स्वयंसेवियों ने लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर की सफाई की। उन्होंने परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए पत्तियाँ, कागज, और अन्य कचरे को एकत्र किया। इस अभियान ने स्वच्छता के प्रति उनकी जिम्मेदारी और समर्पण को दर्शाया।सफाई के बाद, स्वयंसेवियों ने ड्रिल का अभ्यास किया। यह अभ्यास शारीरिक फिटनेस और अनुशासन को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया, जिसमें स्वयंसेवियों ने विभिन्न शारीरिक गतिविधियों और अनुशासन के नियमों का पालन किया। दिन का समापन सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन के साथ हुआ। स्वयंसेवियों ने नृत्य, गीत, और नाटक प्रस्तुत किए, जिससे माहौल में उत्साह और जीवंतता का संचार हुआ।

इस प्रकार, छठे दिन की गतिविधियाँ योगाभ्यास से लेकर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों तक, विविधता और समर्पण से भरी हुई थीं। इन गतिविधियों ने स्वयंसेवियों की शारीरिक और मानसिक विकास को प्रोत्साहित किया और उन्हेंसामुदायिक सेवा के महत्व को समझने में मदद की।






राजकीय महाविद्यालय सैंज ने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तहत सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह आयोजित किया। इस समारोह के प्रमुख अतिथि प्रो. गोविंद राम सैनी थे।

समारोह की शुरुआत में, अधिकारी प्रदीप कुमार ने विशेष शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत की और उपस्थित अतिथियों को शिविर की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। इसके बाद, सांस्कृतिक गतिविधियों ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। स्वयंसेवियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं।

मुख्य अतिथि प्रो. गोविंद राम सैनी ने शिक्षा के महत्व पर एक प्रेरणादायक भाषण दिया और छात्रों को समृद्धि और सफलता की दिशा में मेहनत करने की प्रेरणा दी। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में नए योजनाओं और पहलुओं पर विचार-विमर्श का भी अवसर प्रदान किया।

यह शिविर छात्रों को नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने के लिए एक सशक्त माध्यम साबित हुआ। समापन समारोह ने छात्रों को सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया और आगामी दिनों के लिए प्रेरित किया।

## स्वयंसेवियों ने सफाई करने के साथ लोगों को भी किया जागरूक

### सैंज कालेज में 7 दिवसीय एन.एस.एस. शिविर संपन्न

सैंज, 30 दिसम्बर (बुद्धि सिंह): सैंज महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के 7 दिवसीय विशेष शिविर का समापन शनिवार को किया गया, जिसमें महाविद्यालय के उपप्राचार्य प्रो. गोविंद राम सैनी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रदीप कुमार ने विशेष शिविर की रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि इस शिविर में 25 स्वयंसेवियों ने भिन्न-भिन्न क्षेत्रों से जुड़े रिसोर्स पर्सन से जानकारियां हासिल कीं।

उन्होंने कहा कि शिविर के दौरान कालेज के अस्थायी परिसर व सीनियर सैकेंडरी स्कूल सैंज सहित आसपास के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया, जिसमें आम लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ साफ-सफाई भी की।

कार्यक्रम अधिकारी ने शिविर के सफल आयोजन व सहयोग के लिए शिक्षक वर्ग व स्वयंसेवियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह शिविर छात्रों को नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ समृद्धि की दिशा में मार्गदर्शन करने का एक अच्छा माध्यम बनेगा। मुख्यातिथि प्रो. गोविंद राम सैनी ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज के उत्थान व एकजुटता तथा सहभागिता के साथ किए जा रहे कार्यों के लिए एन.एस.एस. स्वयंसेवियों को बधाई दी।

प्रो. सैनी ने छात्र-छात्राओं को जीवन में सफल होने के लिए कड़ी मेहनत व लगन से पढ़ाई करने की प्रेरणा दी। समापन समारोह में प्रो. अमन सूद, प्रो. निशा शर्मा व प्रो. प्रेम नेगी आदि उपस्थित रहे।




सैंज : सैंज डिग्री कालेज में एन.एस.एस. शिविर के समापन समारोह में कार्यक्रम पेश करते विद्यार्थी। (बुद्धि सिंह)

## सैंज कॉलेज में एनएसएस शिविर का समापन

**सैंज,( आपका फैसला )**। सैंज के राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन शनिवार को किया गया, जिसमें महाविद्यालय के उपप्राचार्य प्रो. गोविंद राम सैनी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रदीप कुमार ने विशेष शिविर की रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि इस शिविर में 25 स्वयंसेवियों ने भिन्न-भिन्न क्षेत्रों से जुड़े रिसोर्स पर्सन से जानकारियां हासिल की। उन्होंने कहा कि शिविर के दौरान कॉलेज के अस्थाई परिसर, सीनियर सेकंडरी स्कूल सैंज सहित आसपास के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया जिसमें आम लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ साफ़-सफाई भी की। कार्यक्रम अधिकारी ने शिविर के सफ़ल आयोजन व सहयोग के लिए शिक्षकवर्ग व सव्हनसेवियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह शिविर छात्रों को नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ समृद्धि की दिशा में मार्गदर्शन करने का एक अच्छा माध्यम बनेगा। मुख्य अतिथि प्रो. गोविंद राम सैनी ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज के उत्थान व एकजुटता तथा सहभागिता के साथ किए जा रहे कार्यों के लिए एनएसएस स्वयंसेवियों को बधाई दी। प्रो. सैनी ने छात्र-छात्राओं को जीवन में सफल होने के लिए कड़ी मेहनत व लग्न से पढ़ाई करने की प्रेरणा दी। समापन समारोह में प्रो. अमन सूद, प्रो. निशा शर्मा, प्रो. प्रेम नेगी आदि उपस्थित रहे।

## एनएसएस स्वयंसेवियों ने की साफ-सफाई

**सैंज।** सैंज के राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन शनिवार को हुआ। इस मौके पर महाविद्यालय के उपप्राचार्य प्रो. गोविंद राम सैनी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रदीप कुमार ने विशेष शिविर की रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि इस शिविर में 25 स्वयंसेवियों ने विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े रिसोर्स पर्सन से जानकारियां हासिल कीं।

उन्होंने कहा कि शिविर के दौरान कॉलेज के अस्थायी परिसर, सीनियर सेकेंडरी स्कूल सैंज सहित आसपास के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया, जिसमें आम लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ साफ-सफाई भी की। कार्यक्रम अधिकारी ने शिविर के सफल आयोजन व सहयोग

दिनांक 5 मार्च 20240 को राजकीय महाविद्यालय सैंज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने ,"मेरा पहला वोट देश के लिए" थीम के अंतर्गत SVEEP कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर प्रेम कुमार नेगी (राजनीतिक विज्ञान) ने भाग लिया / जिसमें उन्होंने स्वयंसेवियों और महाविद्यालय के विद्यार्थियों को मतदान प्रक्रिया के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने स्वयंसेवियों को बताया कि किस प्रकार एक जागरूक मतदाता देश के विकास में अपनी सकारात्मक भूमिका निभा सकता है और उसके साथ ही सभी विद्यार्थियों को मतदाता शपथ दिलाई गई।

